एक दिवसीय करियर परामर्श कार्यशाला आयोजित

सीमांचल प्रहरी, गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,वाणिज्य विभाग मे आयोजित कार्यशाला का आरंभ सर्वप्रथम सतीश आनंद सीईओ (आओ सीखें एडुकेशनल ट्रेनिंग कंपनी) ने अपने उद्‌बोधन से किया। उन्होंने सबसे पहले अपना परिचय दिया, उसके बाद उन्होंने बताया स्नातक के बाद क्या योजना होनी चाहिए, किस तरीके से किसी कंपनी में जॉब के लिए जा सकते हैं और उन्होंने परास्नातक उपाधि के महत्व के बारे में बताया कि ये उपाधि किस तरीके से आपके करियर में विकास करता है। इसके बाद उन्होंने वन ईयर डिफर्रेड एम बी ए प्रोग्राम के महत्व के बारे में बताया साथ ही साथ जी आर इ और जी मैट प्रोग्राम से भी बच्चों को परिचय कराया। व्याख्यान के अंत मे उन्होंने गद्यांश को प्रयोगात्मक रूप से हल कराया। इसके बाद अंकित वैश्य और अनुराग (लीड कैरियर आर्किटेक्ट) ने स्नातक के बच्चों को जॉब प्रोफाइल के बारे मे बताया की किस तरीके से प्रोफाइल बनाया जाये जिससे आप और लोग से अलग दिखे और आपके किसी कंपनी के चयन प्रक्रिया में आसानी हो जाये। सत्र का आरंभ विभागाध्यक्ष प्रो श्रीवर्धन पाठक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंशु गुप्ता सहायक आचार्य के द्वारा किया गया। धन्यावाद ज्ञापन विभाग के शोध छात्र सुशील कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मेंविभाग के शिक्षक, अतिथि शिक्षक, शोध छात्र, आदि उपस्थित रहे।